# आबकारी विभाग की मेहरबानी से,एसएमएस हॉस्पिटल की जगह राज्य के डीजी और चीफ सेकेट्री के बंगलो का नया लेंड मार्क होगा!!!

# दी लिकर वर्ल्ड






जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

# JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/palm/09 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शनिवार, 28 मई 2022

## राज्य के डीजी और चीफ सेकेट्री के बंगले के पास, जैन समुदाय की प्रसिद्ध नसिया के सामने हुआ अँग्रेजी शराब के बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर का हुआ उदघाटन!!!




## जिलो के एसपी,कलेक्टर के बंगलो तक के पास शराब की दुकान खोलने की हिम्मत नहीं!! लेकिन शराब ठेकेदार की दबंगई के चलते, राज्य के डीजीपी,चीफ सेकेट्री के बंगले के पास शराब की दुकान खोलने की हुई हिमाकत!!

## वह दिन दूर नहीं जब राज्य के मुख्यमंत्री,सचिवालय,उच्च न्यायालय के पास भी खुल जाएगी,ऐसी शराब की दुकाने!!!

## अस्पताल रोड पर भट्टारक जी की नसिया के ठीक सामने भूखंड संख्या 3,लाल निवास,नारायण सिंह सर्कल पर लाईसेन्सी भूपेंद्र सिंह द्वारा खोली गयी शराब की दुकान 'दी लिकर वर्ल्ड' का मामला!!!


*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com


डीजी और चीफ सेकेट्री के बंगले
भट्टारक जी की जैन नसिया
शराब की दुकान
लिकर वर्ल्ड
SAWAI MAAN SINGH HOSPITAL
Bhattarak Ji ki Jain Nasiyan
भट्टारक जी की जैन नसियां
GD Departmental Store - Premium...
Kamal Niwas Bnb
Bus Stand Narayan Singh Circle
Jawahar Lal Nehru Marg
G D DEPARTMENTAL STORE
THE LIQUOR WORLD
धार्मिक स्थलों के पास बिक रही शराब
1st इंडिया NEWS

# First India

www.firstindia.co.in | https://firstindia.co.in/epapers/jaipur | twitter.com/thefirstindia | facebook.com/thefirstindia | instagram.com/thefirstindia

# Liquor shops in restricted areas, Excise officials turns a blind eye

Liquor is being sold openly near religious places, schools etc

**Nirmal Tiwari**



**Jaipur:** The inspectors of the Excise Department seem to have turned blind eye to the Excise rules being flouted near religious places, schools, heritage buildings, and other places where selling of liquor is restricted.

First of all, the liquor shop 'Liquor World' was approved and opened on the hospital road right in front of Bhattarakji Ki Nasia where on one side SMS Hospital is located while on the side bungalows of Chief Secretary and DGP are there.

Excise Inspector not only cleared the location but also passed very large size of the shop, which is housed in an area of equal to 20 liquor shops. Neither the rate list nor name of licensee has been displayed there.

In ward numbers 12, 21, 22, 26, 76 of Jaipur East, Shop no. 7, 8, 9 Yojana-A, Govindpuri, Ramgarh Road, Amer Road have been approved and shops opened by licensee Tushar Chaudhary at sensitive location.

The shop named Gabbar Vines is running in front of famous Shri Digambar Jain Nasiya, Shyoji Godha and Raghunathji Radha Niwas temple. Shop has also been opened near Maharani Ki Chhatriyan on the recommendation of excise inspector Karnika Mehta.

In fact, for the last two years, instead of lottery, the state government has started the auction system of liquor shops and most of the liquor shops are being redeemed by old and big contractors who are ruling the roost.

**OPEN LOOT!**

At shop of licensee Meenu Tyagi in Aatish Market, liquor was being sold openly after 8 pm on May 23. Team bought a bottle of Beer for Rs 170.

At Shiv Bhan Kanwar's shop at Riddhi Siddhi chauraha, beer was sold for Rs 170 after 8 pm. Beer was given for Rs 180 at Babu Khan's shop in front of KS Fort.

At shop of Shahid Qureshi near Kalpna Cargo in Gopalbari a quarter was sold for Rs 160. Overrate was also there at the shop of Yasmin Bano in front of railway station, Munshi Khan's shop & several other shops.

## छोटी काशी मे पनप रही शराब संस्कृति




आबकारी विभाग के निरीक्षक ही विभाग के बनाए नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। इससे लघु काशी के नाम से दुनियाभर में पहचान रखने वाले गुलाबीनगर की छवि तो दागदार हो ही रही है शराब कारोबारी धार्मिकस्थलों के आसपास शराब परोसने से भी नहीं हिचकिचा रहे। इससे गुलाबीनगर में कभी भी तनाव की स्थिति बन सकती है। आबकारी निरीक्षकों की मिलीभगत से धार्मिक स्थल, शिक्षा के मंदिर और हमारी विरासत सब बदनुमा होती जा रही है और हमारी धर्मनगरी में पनप रही है शराब संस्कृति।

शराब संस्कृति कभी भी गुलाबीनगर की पहचान नहीं रही है। पर्यटन नगरी होने के बाद भी पिछले वर्षों तक यहां कभी शराब की दुकानों को धार्मिक स्थल, अस्पताल, शिक्षा के मंदिर सकूल-कॉलेज और मजदूर बस्तियों के पास नहीं खोला गया लेकिन अब हालात अलग हैं। अब आबकारी निरीक्षक मिलीभगत कर धर्म नगरी जयपुर में शराब संस्कृति पनपाने को सहयोग दे रहे हैं और निशाने पर हैं धामिक स्थल, हमारी विरासत और संवेदनशील क्षेत्र।

## राज्य के डीजी और चीफ सेकेट्री के बंगले के पास,जैन समुदाय की प्रसिद्ध नसिया के सामने हुआ अँग्रेजी शराब के बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर का उदघाटन!!!



आबकारी निरीक्षकों का दुस्साहित देखिए कि उन्होने राज्य के डीजी और मुख्य सचिव के बंगले से कुछ कदमो की दूरी पर, अस्पताल रोड पर भट्टारक जी की नसियां के ठीक सामने शराब दुकान 'दी लिकर वर्ल्ड' की लोकेशन मंजूर कर शराब की दुकान खुलवा दी दरअसल इस शराब दुकान को अस्पताल रोड पर भट्टारक जी की नसियां के ठीक सामने खोला गया, जहां जैन समाज के धार्मिक कार्यक्रम अकसर होते रहते हैं। यही नहीं 'दी लिकर वर्ल्ड' नाम की इस दुकान के एक तरफ मुख्य सचिव और डीजीपी के बंगलो के अलावा एसएमएस अस्पताल हैं तो दूसरी तरफ राजधानी के व्यस्ततम बस अड्डों में से एक नारायणसिंह सर्किल बस अड्डा।




आपने शायद ही किसी शहर मे किसी एसपी या कलेक्टर के बंगले के पास शराब की दुकान देखी होगी|लेकिन यहाँ पर तो आबकारी विभाग की मेहरबानी से राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव के बंगले के पास,जिनके जिम्मे पूरे राज्य की कानून व्यवस्था का जिम्मा होता है,इस दुकान को मंजूरी दे दी गयी|यदि भ्रष्टाचार और लालफ़ीताशाही के चलते आबकारी विभाग का


यही रवैया रहा तो वह दिन दूर नहीं जब राज्य के मुख्य मंत्री,सचिवालय और यहाँ तक की विधानसभा,और उच्च न्यायालय के पास भी शराब की दुकानों की लाइन लग जाएगी|




आबकारी विभाग की इस कारगुजारी पर व्यंग कसते हुए एक तमाशबीन ने तो यहाँ तक कह दिया कि अब डीजीपी और मुख्य सचिव के बंगले का लेंडमार्क एसएमएस हॉस्पिटल रोड से बदल कर दी लिकर वर्ल्ड रोड रख देना चाहिए|क्यूंकी अब इन बंगलो के एक तरफ जहां राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल है वही दूसरी तरफ राज्य का सबसे बड़ा अँग्रेजी शराब का डिपार्टमेंटल स्टोर|सही भी है क्यूंकी दवा दारू का रिश्ता भी तो पुराना है|




## सारे नियम ताक पर!ना रेट लिस्ट,ना लाईसेन्सी का नाम,देशी शराब का पता नहीं,20 दुकानों जितना बड़ा साइज




बडी बात यह है कि आबकारी विभाग निरीक्षक ने इन सब तथ्यों को नकार कर इस शराब दुकान की सिर्फ लोकेशन ही पास नहीं की वरन इसका अत्यधिक बड़ा साइज भी पास कर दिया। लिकर वर्ल्ड नाम की इस दुकान को बीस दुकानों के बराबर साइज में खोला गया है। यहां नियमानुसार देशी शराब भी होनी चाहिए है लेकिन वो महज खानापूर्ति के लिए रखी गई है। न यहां रेट लिस्ट है और न ही लाइसेंसी का नाम चस्पा किया गया है।

## क्या जिम्मेदार करेंगे कार्यवाही?

बहरहाल पूरे मामले में अति संवेदनशील इस क्षेत्र में शराब दुकान देने से विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना है कि इस मामले से जुड़े राज्य के डीजीपी,मुख्य सचिव सहित आबकारी मंत्री और आयुक्त इस गंभीर प्रकरण मे क्या कार्रवाई करते हैं|

| क्रम | जिम्मेदार अधिकारी | नाम |
|---|---|---|
| 1 | जिला आबकारी अधिकारी | एमडी मीणा |
| 2 | अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी | गौरवमणि जौहरी |
| 3 | आबकारी निरीक्षक | श्रीमति भानुप्रिया शर्मा |